

हिन्दी दैनिक

# पथ प्रवाह

RNI No.: UTTHIN/2011/39282

निर्भीक, निष्पक्ष, सच का प्रवाह

वर्ष:5 अंक:160 पृष्ठ:08 मुल्य:1 रूपये | pathpravah.com | हरिद्वार, मंगलवार, 16 जून 2026



# कंडोलीय महोत्सव होगा राजकीय, पौडी को दी 110 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

## पौड़ी में विज्ञान संग्रहालय का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

**पथ प्रवाह, पौडी।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जनपद पौड़ी गढ़वाल के भ्रमण के दौरान जनपद मुख्यालय स्थित श्रीनगर रोड पर जिला प्रशासन द्वारा विकसित आधुनिक विज्ञान संग्रहालय का लोकार्पण तथा रामलीला मैदान में आयोजित कंडोलिया महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद को 110.55 करोड़ की लागत वाली 19 विकास योजनाओं की सौगात देते हुए 14 योजनाओं का शिलान्यास एवं 5 योजनाओं का लोकार्पण किया।



मुख्यमंत्री ने श्रीनगर रोड स्थित जिला विज्ञान संग्रहालय का विधिवत लोकार्पण किया तथा संग्रहालय में विकसित की गयी विज्ञान आधारित गतिविधियों और प्रयोगात्मक शिक्षण व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने संग्रहालय का भ्रमण कर विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित इंटरएक्टिव मॉडलों, वैज्ञानिक प्रदर्शनों, एवं आधुनिक उपकरणों का अवलोकन किया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने संग्रहालय में स्थापित वैज्ञानिक प्रदर्शनों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान बच्चे उत्साहित नजर आए। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी कई प्रदर्शनियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विज्ञान, अंतरिक्ष, ऊर्जा, पर्यावरण एवं तकनीकी नवाचारों से संबंधित प्रदर्शनों का अवलोकन करते हुए कहा कि ऐसे विज्ञान संग्रहालय बच्चों में जिज्ञासा, अनुसंधान की भावना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला विज्ञान संग्रहालय केवल प्रदर्शनी स्थल नहीं, बल्कि यह संग्रहालय विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एक आधुनिक विज्ञान शिक्षण एवं नवाचार केंद्र के रूप में कार्य करेगा। यहां बच्चे विज्ञान को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखकर प्रयोगों और गतिविधियों के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से समझ सकेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संग्रहालय जनपद के विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, जिज्ञासा और नवाचार का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा वैज्ञानिक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। मुख्यमंत्री ने इसके बाद कंडोलिया मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने रामलीला मैदान पहुंचकर कंडोलिया पौड़ी महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा कंडोलिया महोत्सव को सरकारी कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय महोत्सव के रूप में विकसित किये जाने की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंडोलिया महोत्सव उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और युवा प्रतिभाओं को नई पहचान देने का सशक्त माध्यम है। आज जनपद के विकास में एक नया अध्याय जुड़ा है। इस अवसर पर लगभग 110 करोड़ रुपये की लागत से 19 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। चारधाम यात्रा लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है तथा अब तक लाखों श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य विकास को पहाड़ के अंतिम छोर तक पहुंचाना है और इसी सोच के साथ हाउस ऑफ हिमालय, एक जनपद-दो उत्पाद योजना, मिलेट मिशन, नई पर्यटन एवं फिल्म नीति, स्वरोजगार तथा होमस्टे योजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के हितों की रक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए राज्य सरकार ने देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। पिछले चार वर्षों में 33 हजार से अधिक युवाओं को पूर्ण पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की सनातन संस्कृति, मूल स्वरूप और सामाजिक सौहार्द की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से समान नागरिक संहिता (यूसीसी), धर्मांतरण विरोधी कानून, दंगा विरोधी कानून तथा सख्त भू-कानून जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने पौड़ी और श्रीनगर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश की पहली एनसीसी अकादमी, एनआईटी परिसर, गंगा संस्कृति...

## एक नजर

### होर्मुज खुलते ही भारत के 34 जहाजों को मिल सकती है हरी झंडी

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच एक महत्वपूर्ण युद्धविराम समझौते के बाद भारत को बड़ी राहत मिली है। तीन महीने से भी अधिक समय तक युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में फंसे रहने के बाद, भारतीय ध्वजवाहक एलएनजी जहाज दिशा सुरक्षित बाहर निकल गया है। यह समझौता भारतीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो रहा है, जिससे देश में पेट्रोल-डीजल और गैस की किल्लत कम होने की उम्मीद जगी है।

यह जहाज 18 जून को भारत के दहेज बंदरगाह पर पहुंचेगा, जिसमें 62,370 टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) है। भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड (एससीआई) की अगुवाई वाले समूह द्वारा प्रबंधित दिशा, अमेरिका-ईरान के बीच प्रारंभिक युद्धविराम समझौते के बाद इस महत्वपूर्ण जलडमरूमध्य से गुजरने वाले शुरुआती वाणिज्यिक जहाजों में से एक है। दिशा की सुरक्षित वापसी के बाद, अब फारस की खाड़ी में फंसे 34 अन्य भारतीय जहाजों को भी हरी झंडी मिलने की प्रबल उम्मीद है। इन जहाजों में तेल, गैस और महत्वपूर्ण उर्वरक भरे हुए हैं, जिनकी आपूर्ति भारत के लिए अत्यंत आवश्यक है।

तेल और गैस की आपूर्ति में लगेगा थोड़ा समय हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि तेल और गैस आपूर्ति को लेकर पूरी तरह से राहत मिलने में अभी कुछ समय लगेगा। इसकी मुख्य वजह ईरान और अमेरिका के हमलों में खाड़ी क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण संयंत्रों का तबाह हो जाना है। कतर का रास लफ्फान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का हबशान गैस प्लांट बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। भारत का कतर के रास लफ्फान के साथ दीर्घकालिक समझौता है, जहाँ से वह बड़ी मात्रा में गैस का आयात करता है। इन संयंत्रों को पूरी क्षमता से काम करने में अभी समय लगेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूएई का हबशान गैस प्लांट फिलहाल अपनी 60 फीसदी क्षमता पर काम कर रहा है, और पूरी तरह से सुधार में अभी समय लगेगा। उम्मीद है कि 2027 की शुरुआत तक यह 80 फीसदी क्षमता पर पहुंच जाएगा। यह भी उल्लेखनीय है कि संघर्ष शुरू होने से पहले भारत अपनी 88 फीसदी तेल आवश्यकताओं और कुल एलएनजी आयात का 90 फीसदी होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से ही पूरा करता था। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 10 भारतीय ध्वज वाले जहाज होर्मुज को पार कर चुके हैं, लेकिन दिशा की सुरक्षित वापसी एक बड़ा मील का पत्थर साबित हुई है। पेट्रोनेट एलएनजी द्वारा कतर से मालढुलाई के लिए चार्टर पर लिया गया जहाज दिशा पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान जलडमरूमध्य में फंस गया था, लेकिन अब इसने भारत के लिए अपनी यात्रा फिर से शुरू कर दी है। व्यापक खाड़ी क्षेत्र में फिलहाल करीब 18,000 भारतीय नाविक कार्यरत हैं। नाविकों और उनके परिवारों के लिए 24 घंटे की हेल्पलाइन संचालित है, जबकि अब तक 3,500 से अधिक नाविकों को सुरक्षित स्वदेश लाया जा चुका है। मंत्रालय के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में संचालित भारतीय ध्वज वाले जहाजों पर करीब 325 भारतीय नाविक तैनात हैं, जबकि इस क्षेत्र में फिलहाल 13 भारतीय जहाज मौजूद हैं।

# प्राकृतिक खेती एवं पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीकों को अपनाएं किसान: त्रिवेंद्र सिंह रावत

## कृषि प्रणाली संस्थान ने लालढांग, हरिद्वार में किया 'खेत बचाओ अभियान' एवं किसान गोष्ठी का आयोजन

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ द्वारा अनुसूचित जाति उप-योजना (स्टस्क) के अंतर्गत 'खेत बचाओ अभियान' एवं किसान गोष्ठी का आयोजन लालढांग, हरिद्वार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति समुदाय के किसानों की आय एवं आजीविका सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि विकास को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत रहे। अपने संबोधन में त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कृषि की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए मृदा स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती एवं पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीकों को अपनाकर किसानों को यूरिया एवं डीएपी जैसे बाहरी कृषि आदानों पर निर्भरता कम करनी चाहिए तथा मृदा की उर्वरता और उत्पादकता को बनाए रखने के लिए सतत प्रयास करने चाहिए।

कार्यक्रम में आईसीएआर-आईआईएफएसआर के निदेशक डॉ. सुनील कुमार ने मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने संस्थान द्वारा लालढांग क्लस्टर में संचालित विभिन्न अनुसंधान एवं विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ मृदा, जल एवं जैव विविधता जैसे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने हरित खाद, लाभकारी सूक्ष्मजीवों (माइक्रोबायोम), कृषि अपशिष्टों के पुनर्चक्रण तथा जैव-आधारित आदानों के उपयोग को मृदा उत्पादकता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।




कार्यक्रम की शुरुआत एससीएसपी परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. पी.सी. जाट द्वारा स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने क्षेत्र में आजीविका सुरक्षा एवं संसाधन संरक्षण हेतु संचालित विभिन्न हस्तक्षेपों की जानकारी दी। इस अवसर पर किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा पशुधन उत्पादकता बढ़ाने के लिए आवश्यक कृषि एवं सहायक सामग्री का वितरण भी किया गया। इस मेगा कार्यक्रम में लालढांग एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग 400 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्षेत्र के पाँच ग्राम प्रधानों, स्थानीय तहसीलदार, कृषि विज्ञान केंद्र हरिद्वार के प्रभारी एवं वैज्ञानिकों सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम किसानों और वैज्ञानिकों के बीच ज्ञान एवं अनुभवों के आदान-प्रदान का प्रभावी मंच साबित हुआ।

कार्यक्रम में एससीएसपी योजना से जुड़े वैज्ञानिक डॉ. जगन सिंह गोरा, डॉ. रघुवीर सिंह एवं डॉ. कमलेश कुमार उपस्थित रहे। वित्त अधिकारी डी.के. वर्मा ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अमृत लाल मीणा द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. चन्द्रभानु ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की सफलता में प्रगतिशील किसान इन्द्रजीत सिंह के विशेष सहयोग की भी सराहना की गई।

# एक नजर

## हरिद्वार पुलिस की तत्परता से बची युवक की जान

पथ प्रवाह, हरिद्वार। हाथी पुल के पास गंगा के तेज बहाव में फंसे हरियाणा निवासी युवक रोहताश उम्र 26 वर्ष पुत्र दयाचंद ग्राम उन चरखी दादरी हरियाणा को हरिद्वार पुलिस की रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। समय रहते की गई त्वरित कार्रवाई से संभावित हादसा टला और युवक की जान बचाई गई। हरिद्वार पुलिस की रेस्क्यू टीम ने साहस, सूझबूझ और मुस्तैदी का परिचय देते हुए युवक को सुरक्षित बचाकर मानवता और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया

## ऑपरेशन प्रहार के तहत हरिद्वार पुलिस ने की कार्यवाही




पथ प्रवाह, हरिद्वार। पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए है। इसी क्रम में कोतवाली पिरान कलियर पुलिस द्वारा क्षेत्र में माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्यवाही करते हुये, ग्राम रहमतपुर में दो पक्षो में आपसी पारिवारिक विवाद के कारण उत्पन्न झगड़े के मामलें में 04 व्यक्तियों को अपराध की रोकथाम व शान्ति एवं/कानून व्यवस्था की दृष्टि से धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई। आरोपित में एक पक्ष के हैदर अली पुत्र तुफैल, आजम पुत्र तुफैल निवासी गण वार्ड न0-4 पिरान कलियर थाना कोतवाली पिरान कलियर जिला हरिद्वार हैं जबकि दूसरे पक्ष से शारूख पुत्र हासिम, नावेद पुत्र हासिम निवासीगण ग्राम रहमतपुर थाना पिरान कलियर जिला हरिद्वार हैं।

## यातायात पुलिस और एआरटीओ की संयुक्त टीम ने वाहन चालकों को किया जागरूक



पथ प्रवाह, उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा-2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुगम संचालन, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा प्रभावी यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस द्वारा जन-जागरूकता एवं वाहन चेकिंग अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। प्रभारी यातायात निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में यातायात पुलिस एवं एआरटीओ की संयुक्त टीम द्वारा वाहन चालकों एवं तीर्थयात्रियों को सड़क सुरक्षा नियमों एवं सुरक्षित परिवहन के संबंध में जागरूक किया गया। वाहन चालकों को वाहन चलाते समय सावधानी बरतने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ओवरस्पीड से बचने, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने तथा पहाड़ी, संकरे एवं संवेदनशील मार्गों पर विशेष सतर्कता बरतने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही यात्रा के दौरान मौसम की नियमित जानकारी प्राप्त करने, भारी वर्षा एवं रात्रि के समय अनावश्यक यात्रा से बचने तथा पुलिस प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन, एकत्रित हुआ 51 यूनिट रक्त

पथ प्रवाह, हरिद्वार। 'विश्व रक्तदान दिवस' के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं स्वराज फाउंडेशन के संयुक्त रूप से जिला बार एसोसिएशन के सभागार में निशुल्क नेत्र, स्वास्थ्य जांच एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 51 ब्लड यूनिट एकत्रित किया गया। सोमवार को मुख्य अथिति प्राधिकरण की सचिव/सिविल जज (सीनियर डिवीजन) सिमरनजीत कौर और विशिष्ट अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जसमहेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिमरनजीत कौर ने




कहा कि रक्तदान एक महादान है, जो बिना किसी भेदभाव के मानवता की सेवा करने का सबसे उत्तम जरिया है। रक्तदान किसी गंभीर मरीज या दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। शिविर में मैक्स अस्पताल देहरादून के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने शिविर में पहुंचे स्थानीय नागरिकों और अधिवक्ताओं, अधिकार मित्रो की स्वास्थ्य जांच की। नेत्र धाम हॉस्पिटल हरिद्वार की टीम ने निशुल्क नेत्र जांच कर परामर्श दिए गए।

# समय से पूरा किया जाए परीक्षा केंद्रों में व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन: अंशुल सिंह

### जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने की नीट यूजी पुनर्परीक्षा के संबंध में बैठक

**पथ प्रवाह, अल्मोड़ा।**




जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को नवीन कलक्ट्रेट सभागार में आगामी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा( हृश्वश्वञ्ज-त्र) 2026 पुनर्परीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में अवगत कराया गया कि प्रस्तावित पुनर्परीक्षा 21 जून 2026 को जनपद के दो परीक्षा केन्द्रों केंद्रीय विद्यालय, रानीखेत तथा बिपिन त्रिपाठी कुमाऊँ प्रौद्योगिकी संस्थान (बीटीकेआईटी), द्वाराहाट में आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी ने परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों का एक दिन पूर्व निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा कक्षों, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण एवं ऑडिट कर किसी भी कमी को तत्काल दूर किया जाए।

उन्होंने विद्युत विभाग को परीक्षा दिवस पर दोनों परीक्षा केन्द्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी पूर्व से सुनिश्चित की जाएं।

बैठक में अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) - नीट (यूजी) 2026 पुनर्परीक्षा में जनपद के दो परीक्षा केन्द्रों पर कुल 504 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इनमें केंद्रीय विद्यालय, रानीखेत में 288 तथा बिपिन त्रिपाठी कुमाऊँ प्रौद्योगिकी संस्थान (बीटीकेआईटी), द्वाराहाट में 216 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए पुलिस विभाग को पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर परीक्षा से पूर्व पूर्ण रूप से क्रियाशील अवस्था में होने चाहिए तथा उनकी कार्यक्षमता का परीक्षण एक दिन पूर्व ही सुनिश्चित कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए निगरानी व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा से संबंधित प्रत्येक व्यवस्था को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कहा कि परीक्षा के सफल एवं निर्विघ्न संचालन हेतु सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक हरबंश सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट रानीखेत दीक्षिता जोशी, उप जिलाधिकारी सुनील कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक सुरेश राठौर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए जेल

**पथ प्रवाह, देहरादून।**




प्रदेश के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े कथित वायरल ऑडियो प्रकरण में पूर्व भाजपा विधायक सुरेश राठौर को अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान सुरेश राठौर को न्यायालय में पेश किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का आदेश दिया।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में सामने आए एक कथित वायरल ऑडियो को लेकर मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। ऑडियो सार्वजनिक होने के बाद प्रदेश में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर बहस तेज हो गई है। बतादें हाल ही में सुरेश राठौर ने हरिद्वार प्रेसक्लब में प्रेसवार्ता कर दो मुकदमों को हाईकोर्ट के आदेश के बाद खारिज होने की जानकारी दी गई थी। साथ ही कहा था कि अन्य मुकदमे भी जल्द समाप्त हो जाएंगे। रविवार को पुलिस द्वारा उन्हें उनके बुग्गावाला स्थित आश्रम से उठाने की बात कही जा रही थी।

गौरतलब है कि अंकिता भंडारी हत्याकांड पहले से ही उत्तराखंड के सबसे चर्चित और संवेदनशील मामलों में शामिल रहा है। ऐसे में इस नए घटनाक्रम ने मामले को लेकर जनचर्चा और बढ़ा दी है। अदालत के आदेश के बाद सुरेश राठौर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है तथा जांच एजेंसियां विभिन्न पहलुओं की पड़ताल कर रही हैं।

## 70 साल की बुजुर्ग महिला की मददगार बनी हरिद्वार पुलिस

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**




हरिद्वार पुलिस एक 70 साल की बुजुर्ग महिला की मददगार बनकर सामने आयी। पुलिस के मुताबिक 11/06/2026 को सूचना प्राप्त हुई कि एक वृद्ध महिला उम्र लगभग 70 वर्ष कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्रांतर्गत दुर्गा चौक के पास बैठी है। सूचना से तत्काल प्रभारी निरीक्षक ज्वालापुर को अवगत कराया गया।

मौके पर जाकर उक्त बुजुर्ग महिला से पूछताछ की गई तो जिसने अपना नाम सोमी पत्नी अतर सिंह जो अपना पता नहीं बता पा रही है। महिला कांस्टेबल की मदद से उक्त महिला को कोतवाली ज्वालापुर लाया गया जिसे गहनता से पूछताछ की गई व उक्त बुजुर्ग महिला के संबंध में कंट्रोल रूम/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया/अन्य माध्यम के प्रसार प्रचार कर किया गया। कोई जानकारी नहीं मिली कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। दिनांक 14/06/2026 को अपर उप निरीक्षक प्रताप दत्त शर्मा द्वारा फिर गहनता से पूछताछ की गई बुजुर्ग महिला के द्वारा अपना मायका बजीरपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश बताया।

अपर उप निरीक्षक प्रताप दत्त शर्मा तत्काल थाना गंगोह जिला सहारनपुर से संपर्क कर ग्राम प्रधान बजीरपुर का मोबाइल नंबर लेकर संपर्क किया गया तो ग्राम प्रधान बजीरपुर को उक्त महिला के संबंध में बताया गया ग्राम प्रधान द्वारा महिला के भतीजे का मोबाइल नंबर दिया गया जिस पर अपर उप निरीक्षक प्रताप दत्त शर्मा द्वारा मोबाइल फोन से बात की गई तो परिजनों द्वारा बताया वह घर यह बताकर गई थी कि मैं अपनी बहन के घर जा रही हूं। वह हरिद्वार कब पहुंच गई यह हमें नहीं पता था। परिजनों को सही सलामत सुपुर्द किया गया।

दैनिक
पथ प्रवाह
हरिद्वार, मंगलवार 16 जून 2026







# सोमवती अमावस्या पर हरिद्वार में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, हाइवे हुआ जाम, शहर के अंदर भी पटरी से उतरी व्यवस्था

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर धर्मनगरी हरिद्वार में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। तड़के सुबह से ही हर की पैड़ी, ब्रह्मकुंड, मालवीय घाट, सुभाष घाट एवं कुशा घाट समेत सभी प्रमुख गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

वहीं अमावस्या पर उमड़ी भारी भीड़ के चलते हाइवे जाम हो गया। पुलिस ने शहर के अंदर व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया लेकिन वहां भी यातायात व्यवस्था पटरी से उतर गई। ई रिक्शा और आटो हाइवे के जाम में भी फंसे रहे। जाम में एम्बुलेंस भी फंसी दिखायी दी। हालांकि मेले के सफल एवं



सुरक्षित संचालन के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने स्वयं विभिन्न घाटों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

प्रशासन द्वारा मेले को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित कर प्रत्येक सेक्टर में नोडल अधिकारी एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि किसी भी स्थान पर अत्यधिक भीड़ एकत्रित न होने पाए और श्रद्धालुओं का आवागमन सुचारु रूप से चलता रहे।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र की लगातार निगरानी की गई। आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ/एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस सेवाएं अलर्ट मोड पर रहीं। घाटों पर बैरिकेडिंग, अनाउंसमेंट सिस्टम एवं दिशा-निर्देशों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन दिया जाता रहा।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए शहर में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया, जिसके तहत विभिन्न मार्गों पर डायवर्जन एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई। बाहरी जनपदों से आने वाले वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थल बनाए गए, जहां से श्रद्धालुओं को शटल सेवा के माध्यम से घाटों तक पहुंचाया गया।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी अधिकारी सतर्कता के साथ कार्य करें।

## एक नजर

### भारतीय जागरूकता समिति ने किया राज्यमंत्री नितिन गौतम का स्वागत



पथ प्रवाह, हरिद्वार। भारतीय जागरूकता समिति ने राज्य मंत्री नितिन गौतम का स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष हाईकोर्ट के अधिवक्ता ललित मिगलानी ने नितिन गौतम को पटका एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नितिन गौतम को राज्यमंत्री का दर्जा प्रदान कर सरकार ने हरिद्वार के युवा वर्ग को सम्मान दिया है। कहा कि नितिन गौतम को राज्यमंत्री की जिम्मेदारी मिलने से पूरे शहर में हर्ष का माहौल है। नितिन गौतम ने समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है। उसका निष्ठापूर्वक पालन करते हुए राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए जरूरतमंदों को लाभ दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिस प्रकार उत्तराखंड का विकास कर रहे हैं। उससे भाजपा के पक्ष में सकारात्मक माहौल है और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में भारी जीत दर्ज भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। इस अवसर पर जगदीश लाल पहवा, प्रमोद कुमार, राजीव शर्मा, अनिल कुमार, विनीत चौहान, सिद्धार्थ प्रधान, प्रवीण कुमार, योगी रजनीश, मुरारी लाल वाधवा, विनय कुमार, कमल, विकास प्रधान, विपुल, अर्चना शर्मा, अंजली माहेश्वरी, अर्पिता सक्सेना, नेहा मालिक, रेनू शर्मा, डॉली आदि शामिल रहे।

### इंडो नेपाल कराटे चैंपियनशिप में आशिहारा के खिलाड़ियों ने जीते 6 गोल्ड मेडल

पथ प्रवाह, हरिद्वार। इंडो नेपाल कराटे चैंपियनशिप में शानदान प्रदर्शन करते हुए आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण और 1 कांस्य सहित सात पदक प्राप्त किए हैं। आशिहारा के उत्तराखंड चीफ अमित कुमार चैधरी ने बताया कि वेस्ट बंगाल में 13-14 जून को आयोजित चैंपियनशिप में छह सौ खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें नेपाल के दौ सौ और भारत के चार सौ खिलाड़ी शामिल हैं। अमित कुमार चौधरी ने बताया प्रतियोगिता में आशिहारा के 7 खिलाड़ी शामिल हुए। जिनमें से दक्ष शर्मा, कुलश्रेष्ठ, निहाल शर्मा, श्रेयसी भारद्वाज, अजय शर्मा और रोहन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीते। जबकि आरुषि पुंडीर ने कांस्य



पदक प्राप्त किया। अमित कुमार चैधरी ने बताया कि आशिहारा के सभी खिलाड़ियों ने एकाग्रता के साथ अपने खेल पर फोकस करते हुए शानदान परिणाम हासिल करते हुए अपने देश, राज्य और जिले का नाम रोशन किया है। जिसके लिए सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में खेल कैरियर का बड़ा माध्यम बन गए हैं। इसलिए सभी बच्चों और युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी हिस्सा जरूर लेना चाहिए। श्वेता, सुमन चौधरी, संदीप पाठक, श्रद्धा शर्मा, दुर्गावती देवी, सुनील मौर्य, विजय तिवारी, किशोर आदि ने सभी खिलाड़ियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा भारत: अरुण सिंह

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल विश्वास के विकास के जनकल्याण के कार्यक्रमों के निमित हरिद्वार विधानसभा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार मदन कौशिक, नगर निगम मेयर किरण जैसल, जिला अध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा ने बिल्केश्वर कालोनी पार्क में वृक्षारोपण किया और व्यापारियों से चिकित्सकों से जनसंपर्क किया

इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत किस प्रकार चाहे वो पर्यावरण के क्षेत्र में हो, शिक्षा के क्षेत्र में हो, स्वास्थ्य हो, किसान हो, युवा हो, महिला हो और चाहे देश की आंतरिक सुरक्षा हो, हर दिशा में आज भारत उन्नति कर रहा है।

हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत विकसित भारत के संकल्प में एकजुट होकर मोदी जी के



हाथों को और मजबूत करने का काम करें। कहा कि विश्वपटल पर आज भारत का गौरव बढ़ रहा है। उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक जी ने कहा कि आज देश हो या प्रदेश हो भाजपा की सरकार विकास के लिए संकल्पित है। उत्तराखंड आज विकास की ओर गतिमान है उत्तराखंड के चारों धामों में आने वाले देश विदेश के श्रद्धालु बदलते उत्तराखंड के स्वरूप से अचंभित है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी, जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट, राजकुमार अरोड़ा, अंजना चड्ढा, राजेश शर्मा, सचिन बेनीवाल, सचिन वर्मा, अनिल पुरी समेत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बेहतर सरकारी नीतियों व सुरक्षित माहौल से मिलता है व्यापार को बढ़ावा: अरूण सिंह

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम व्यापारी संवाद के तहत भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने बिल्वकेश्वर कॉलोनी स्थित पूर्व उपभोक्ता फोरम सदस्या अंजना चड्ढा के निवास पर स्थानीय सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, मेयर किरण जैसल की उपस्थिति में व्यापारियों से संवाद करते हुए उन्हें केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से अवगत कराया। व्यापारियों को मोदी सरकार की उपलब्धियों से संबंधित बुकलेट प्रदान करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने कहा कि बेहतर सरकारी नीतियों व सुरक्षित माहौल से उद्योग व्यापार को बढ़ावा मिलता है। केन्द्र की स्थिर व मजबूत सरकार ने सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करते हुए जहां व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान किया। वहीं सरकारी नीतियों से व्यापार करना सरल हुआ है। पहले जहां सरकारी मंजूरी में वर्षो लग जाते थे। अब ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे ही अधिकांश कार्य सम्पन्न हो जाते हैं। ऑनलाइन बैंकिंग से व्यापार को गति मिली है। सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व से 25 वर्षों में उत्तराखण्ड का चहुंमुखी विकास हुआ है। आज प्रदेश



तेजी से विकसित प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। जिसमें व्यापारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। जिन्होंने अपने अथक परिश्रम व कौशल से जहां केन्द्र व प्रदेश सरकार के राजस्व में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश को उन्नति के पथ पर अग्रसर किया है। कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि ऑल वेदर रोड, उन्नत हाईवे, रिंग रोड, मेडिकल कॉलेज आज हरिद्वार की पहचान बन रहे हैं। बेहतर सड़क मार्ग विकसित होने से जहां तीर्थयात्री, पर्यटकों का आवागमन बढ़ा है वहीं दूसरी ओर तीर्थनगरी हरिद्वार समेत उत्तराखण्ड के व्यापार में भारी वृद्धि हुई है। मेयर किरण जैसल ने कहा कि सरकार व्यापारियों को बेहतर माहौल और सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। सरकार तेजी के साथ विकास कर रही है। देश आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है। धर्मनगरी को हरा भरा बनानें के लिए सभी को प्रयास करने होगें। इस अवसर पर व्यापारी नेता कैलाश केसवानी, अनिरूद्ध भाटी, वीरेन्द्र चड्ढा ने अंगवस्त्र पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह व सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत का भव्य स्वागत किया।

व्यापारी संवाद से पूर्व बिल्वकेश्वर कॉलोनी में वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेन्द्र चड्ढा व हरिद्वार सहकारी गृह निर्माण समिति की अध्यक्षा अंजना चड्ढा के संयोजन में कॉलोनी के पार्क में राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, मेयर किरण जैसल, जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने पौधारोपण किया।

# संपादकीय

## पश्चिम बंगाल- तुम डार-डार हम पात-पात

1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। संविधान के अनुसार संवैधानिक संस्थाओं का निर्माण हुआ। उनकी जिम्मेदारी तय की गई, उनके लिए कानून बनाए गए। भारत के संविधान में विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका के रूप में संविधान की शक्तियों में तीनों को अधिकार दिए गए। भारत का संविधान और लोकतंत्र, सनातन की आस्था और विश्वास जिसमें ब्रह्मा-विष्णु और महेश तीन महाशक्तियों को ब्रह्मांड को संचालित करने का आधार माना गया है। ठीक उसी तरह से भारत में उक्त तीनों स्तम्भ को ताकतवर बनाते हुए, चौथा स्तंभ मीडिया और जनता को बनाया गया। भारत के संविधान में जनता का राज कायम किया गया। जनता ही चुनाव के माध्यम से अपने अधिकार निर्वाचित प्रतिनिधि को सौंपती है। जनता से चुने विधायक और सांसद के बहुमत के आधार पर मिले अधिकार से विधानसभा और संसद में कानून बनाए जाते हैं। सांसदों और विधायकों को जनता के प्रति जिम्मेदार बनाया गया। संसद और विधानसभा में जनता का पक्ष रखने के लिए पूर्ण स्वतंत्रता दी गई। यह सारी व्यवस्था समय के साथ 1990 तक देखने को मिली। उसके बाद से गठबंधन की सरकारें बनने लगीं, सरकार बनाने के लिए जोड़-तोड़ होने लगा। विचारधारा एवं राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र का कोई महत्व नहीं रहा। उसके बाद से संवैधानिक व्यवस्था में लोकतंत्र कमजोर होना शुरू हुआ। अब इतना कमजोर हो गया है, कि इसे लोकतंत्र के स्थान पर ठोकतंत्र कहना शायद ज्यादा उपयुक्त होगा।

हाल ही में पश्चिम बंगाल के चुनाव हुए हैं। एसआईआर में 90 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। 27 लाख मतदाताओं ने ट्रिब्यूनल में अपील की। फैसला हुए बिना पश्चिम बंगाल का चुनाव हो गया। 2 लाख से ज्यादा अर्धसैनिक बल पश्चिम बंगाल के चुनाव में तैनात किए गए। मतदान और मतगणना को लेकर टीएमसी ने गड़बड़ियों की शिकायत चुनाव आयोग, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में की। किंतु समय रहते कोई फैसला नहीं हुआ। फार्म 17सी में ईवीएम मशीन के जो नंबर दर्ज थे, उनके स्थान पर अन्य ईवीएम मशीन से मतगणना की गई। आपत्ति करने पर मतगणना रोक दी गई, उसके बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए। अब 4000 ईवीएम की मशीनें जल गई हैं। 45 दिन तक चुनाव आयोग को सारे सबूत सुरक्षित रखने होते हैं। अब सबूत जलने शुरू हो गए हैं। इसी बीच टीएमसी के सांसदों और विधायकों को सड़क पर पीटा गया। पश्चिम बंगाल में दहशत का वातावरण बना हुआ है। इसी बीच चर्चा है, 20 से अधिक सांसद टीएमसी छोड़कर एक अलग गुट बनाकर ऐसी पार्टी में जा रहे हैं, जिसका ना तो एक विधायक है, ना उसके सांसद हैं। त्रिपुरा में उसने कुछ चुनाव जरूर लड़े हैं। एक फ़ीसदी वोट भी उसे हासिल नहीं हुए हैं। ऐसी गुमनाम पार्टी में राष्ट्रीय पार्टी के सांसद और विधायक विलय करने जा रहे हैं। विधानसभा और लोकसभा के अध्यक्ष इन्हें अनुमति प्रदान कर रहे हैं। आगे चलकर चुनाव आयोग से भी इन्हें मान्यता मिल जाएगी। ईडी, सीबीआई, सीआईडी और स्थानीय पुलिस बल के निशाने पर टीएमसी के सांसद और विधायक हैं। इन्हें घर में घुसकर पीटा जा रहा है। इन्हें सुरक्षा नहीं दी जा रही है। इनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पिछले एक सप्ताह में प. बंगाल की राजनीतिक घटनाओं, दल-बदल कानून, लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभा की घटनाएं जिस तरह से चर्चाओं में है। टीएमसी और सरकार के बीच तुम डार-डार और हम पात-पात का खेल चल रहा है। वह सभी को आश्चर्यचकित कर रहा है। ऐसी स्थिति में अब आम जनता भी यह मानकर चलने लगी है। उसके अधिकार भी खत्म होने जा रहे हैं। अब सरकार तय करती है, मतदाता कौन होगा, चुनाव में कौन जीतेगा। वह किस पार्टी में रहेगा, यह एक ऐसा नया तंत्र विकसित हुआ है। जिसने लोकतंत्र की स्थापित परम्परा के स्थान पर अब ठोकतंत्र का राज कायम करने की नई परम्परा देखने को मिल रही है।

## दलबदल की राजनीति : विचारधारा पर भारी सत्ता की भूख

**दिलीप कुमार पाठक**

भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय दलों का बिखरना और उनके नेताओं का पाला बदलना आज एक ऐसा कड़वा सच बन चुका है, जिसने लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को हिलाकर रख दिया है। महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी की टूट के बाद अब पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भीतर मची रार ने देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। हाल ही में टीएमसी के करीब 20 बागी सांसदों का दिल्ली में भाजपा के मंत्रियों से मिलना और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के पास जाना यह साफ दिखाता है कि परदे के पीछे की सियासी खिचड़ी पूरी तरह पक चुकी है। सवाल केवल टीएमसी का नहीं है, बल्कि यह समझने का है कि आखिर चुनाव बीतते ही क्षेत्रीय पार्टियों के नेताओं की अंतरात्मा अचानक कैसे जाग जाती है? जब तक पार्टी सत्ता में रहती है या उसकी ताकत बनी रहती है, तब तक नेतृत्व की सारी कमियां और तानाशाही इन नेताओं को क्यों नहीं दिखतीं?

अगर हम इस पूरे प्रकरण का कानूनी सच देखें, तो संविधान की दसवीं अनुसूची यानी दल-बदल विरोधी कानून के तहत किसी भी सांसद की सदस्यता सीधे तौर पर रद्द हो सकती है। लेकिन इस कानून में एक बहुत बड़ा चोर रास्ता है। अगर किसी पार्टी के दो-तिहाई सांसद एक साथ टूटते हैं और किसी दूसरी पार्टी में अपना विलय कर लेते हैं, तो उनकी सदस्यता बच जाती है। टीएमसी के मामले में बागी सांसदों ने खुद को एक पंजीकृत दल नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया के साथ विलय करने का रास्ता निकाला है। तकनीकी रूप से कानूनन अपनी सीट बचाने की यह एक चतुर कोशिश है, लेकिन अंतिम फैसला लोकसभा स्पीकर के विवेक पर ही निर्भर करता है। फिर भी, यह पूरा खेल नैतिकता की कसौटी पर बेहद घटिया और आम जनता के साथ सीधा धोखा नजर आता है। इस पूरे परिदृश्य को समझने के लिए हमें सिक्के के दोनों पहलुओं को देखना होगा। एक तरफ विपक्ष का सीधा आरोप है कि भाजपा केंद्रीय जांच एजेंसियों के डर और सत्ता की मलाई का लालच देकर क्षेत्रीय पार्टियों को जानबूझकर निगल रही है।

देश में विपक्ष विहीन राजनीति या एक देश, एक पार्टी जैसा माहौल बनाने की कोशिश हो रही है ताकि केंद्र के सामने कोई मजबूत क्षेत्रीय आवाज न उठ सके। वहीं दूसरी तरफ, बागी नेताओं का तर्क होता है कि इन क्षेत्रीय दलों में कोई आंतरिक लोकतंत्र नहीं बचा है। वहां केवल परिवारवाद या किसी एक शीर्ष नेता की तानाशाही चलती है। जैसे टीएमसी के भीतर अभिषेक बनर्जी के बढ़ते कद से कई पुराने नेता असहज थे। बागी नेता अक्सर यह भी दुहाई देते हैं कि अपने क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के साथ चलना उनकी मजबूरी है। लेकिन एक मतदाता के तौर पर यह पूरी तस्वीर गहरी चिंता पैदा करती है और मन में कई तीखे सवाल छोड़ जाती है। आखिर एक आम नागरिक धूप में खड़े होकर जिस उम्मीदवार को एक खास विचारधारा देखकर अपना कीमती वोट देता है, उसकी कीमत क्या सिर्फ एक सौदेबाजी तक सीमित है? अगर जीतने के बाद जन प्रतिनिधि अपने निजी स्वार्थ, केस-मुकदमों से बचने या मलाईदार पद के लिए पाला बदल लेता है, तो फिर इस लोकतंत्र में जनता की हैसियत ही क्या रह जाती है? क्या चुनाव सिर्फ इन नेताओं के लिए अपने दाम बढ़ाने का एक जरिया मात्र बनकर रह गए हैं? जब पूरा का पूरा गुट ही बिक जाता है, तो क्या यह सीधे तौर पर जनता के सामूहिक विवेक का उपहास नहीं है? राजनीति से शुचिता और नैतिकता जैसे शब्द अब पूरी तरह गायब हो चुके हैं और उनकी जगह केवल आंकड़ों की बाजीगरी ने ले ली है।

# बिहार में सत्ता परिवर्तन के आसार

**संजय गोस्वामी**

बिहार में बदलते घटनाक्रम को देखते हुए अब जिस तरहराष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के संस्थापक उपेंद्र कुशवाहा को एक बार फिर सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित इस अधिवेशन में उन्हें वर्ष 2026 से 2029 तक के कार्यकाल के लिए पुनर्निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा गया। बाद में एमएलसी के चुनाव निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बने उपेंद्र कुशवाहा, बेटे के सियासी भविष्य पर सवाल बरकरार राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा अपनी पार्टी के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में उन्हें 2026 से 2029 तक के कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से जिम्मेदारी सौंपी गई। पार्टी ने इसे अपने पहले संगठनात्मक चुनावों की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा साल 2023 में अस्तित्व में आई थी। गठन के बाद से ही यह भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा रही है। बिहार में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी आरएलएम के फिलहाल चार विधायक हैं। वहीं उपेंद्र कुशवाहा राज्यसभा सांसद हैं, जबकि उनके बेटे दीपक प्रकाश बिहार की एनडीए सरकार में मंत्री हैं। खास बात यह है कि दीपक प्रकाश न तो विधान परिषद और न ही विधानसभा के सदस्य हैं, लेकिन हाल ही में एमएलसी चुनाव में उनके पुत्र का नाम नहीं होने से अब उनके मंत्री बनने पर प्रश्नचिन्ह लग गया, कहा जा रहा है कि बीजेपी ने अपने पार्टी में विलय होने का ऑफर मिला लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया क्योंकि पार्टिओ में छोटा या बड़ा नहीं देखा जाता है जनाधार देखा जाता है और उनकी पार्टी छोटी जरूर है लेकिन जनाधार मजबूत है क्योंकि वो काम से आज भी पहचाने जाते हैं और बिहार में कुशवाहा का अच्छा जनाधार है जिसमें कुर्मी भी शामिल है और जब सरकार के बनने बिगड़ने में भविष्य में सत्ता में बने रहने के लिए यही छोटी पार्टियों का सहारा लेना पड़ेगा जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे तो इन छोटी पार्टी का अस्तित्व था जो अपने हिसाब से निर्णय लेती थी और केंद्र और राज्य दोनों में एनडीए की भागीदारी होती थी अब इसके बाद बिहार में लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास का नम्बर आने वाला है इसलिए आजकल चिराग पासवान जो हर दिन मोदीजी का गुणगान करते थे अब वो भी कुछ नहीं बोल रहें हैं इधर भाजपा में सम्राट चौधरी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने से पूर्व उपमुख्य मंत्री व वर्तमान में कृषि मंत्री रहें विजय सिन्हा का खेमा में काफी नाराजगी है क्योंकि ऐ सब आज से नहीं बहुत पहले से बीजेपी में ही रहें हैं और सम्राट चौधरी तो 3-4 साल पहले आए होंगे जानकारों के अनुसार नीतीश कुमार ने इसी शर्त पर मुख्यमंत्री पद छोड़ा कि अगर सम्राट चौधरी बनते हैं तो हम हट जायेंगे इसके बड़े मायने हैं एक तो नीतीश कुमार,उन्हें मुख्यमंत्री बनवाकर बीजेपी के पढ़े लिखे कार्यकर्ता की नाराजगी और दूसरा वो नए हैं और नीतीश के इशारे पर कुछ जरूर सुनेंगे और यही हुआ कि अनंत सिंह को जेल से छूड़वाया और दूसरा किसी को लाठी डंडा खिलवाना हो तो वो भी हुआ शिक्षकों पर और अब तो ऐ हो गया है कि पाटलिपुत्रा स्टेशन पर ट्रेन लेट होने से नाराज छात्रों का पुलिस से काफी झड़प हुई और कई पुलिसवाले घायल हो गए जब जब सत्ता परिवर्तन का समय आता है तो ऐ सब देखने कों मिलता है बिहार में चुनाव परिणाम के बाद जब बीजेपी कों यह लगा की अपना मुख्यमंत्री बनाया जाए तो यह भी डर था कि कहीं नीतीश कुमार बिना बीजेपी के सरकार न बना लें इसलिए 2024 के बिधान सभा चुनाव के बाद जो सरकार बनाने की परिस्थिति थी उसमें बीजेपी बहुमत के आंकड़ो के साथ सरकार बनाने की स्थति ने नहीं थी क्योंकि उसके 89 विधायक थे सरकार बनाने हेतु 122 का नम्बर चाहिए था जिसमें जेडी यू के पास 85 विधायक हैं 19 चिराग पासवान के और हम के 5 और उपेंद्र कुशवाहा के 4 विधायक थे यानि कुल 28 की संख्या थी 89 में 28 जोड़ने से 117 विधायक थे सिर्फ 5 विधायक तो चाहिए था जिसमें बसपा का एक आई आई सी का भी 1-1सीट है 1निर्दलीय और 3 तो हो गया बाकी तो बहुमत साबित के समय एआईएमआईएम के 5 विधायक उपस्थित ही नहीं होते तो सरकार तो बीजेपी की बन ही जाती इसलिए एआईएमआईएम के प्रमुख ओबैसी को डर लगने लगा और चुनाव परिणाम के बाद नीतीश कुमार को सीएम के लेकर अब बिहार में बीजेपी के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर खतरा मंडरा रहा है बिहार ने एनडीए के घटक दल लोजपा और हम ख़ामोशी से ये पता चल रहा है कि एक बार फिर कहीं बीजेपी से नीतीश कुमार ने पलटी मारी और बिहार के मुख्यमंत्री बनाने के मूड अब विपक्षी पार्टियों में भी आपसी सहमति दिख रही है क्योंकि नीतीश कुमार अभी राज्य सभा के सांसद ही हैं केंद्र में क़ोई भूमिका मिलती नहीं दिख रही है दूसरी ओर बिहार में एनडीए के अन्य घटक दलों में विलय के डर का माहौल भी है क्योंकि जब जेडीयू एक मजबूत पार्टियों में नहीं होगी तो छोटी मोटी पार्टियों कों भी टूटने की चिंता है।

# अमेरिका ईरान शांति समझौता और बदलती वैश्विक राजनीति

**कांतिलाल मांडोत**

कई महीनों से जारी तनाव और टकराव के बाद अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौते की खबर ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। लंबे समय से दोनों देशों के बीच परमाणु कार्यक्रम आर्थिक प्रतिबंध तेल व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर गहरा विवाद बना हुआ था। इस संघर्ष का प्रभाव केवल अमेरिका और ईरान तक सीमित नहीं रहा बल्कि पूरे विश्व की राजनीति अर्थव्यवस्था और ऊर्जा बाजार पर भी पड़ा। अब यदि प्रस्तावित शांति समझौता सफल होता है तो यह न केवल दोनों देशों के संबंधों में नया अध्याय खोलेगा बल्कि वैश्विक स्थिरता और आर्थिक संतुलन को भी मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

अमेरिका और ईरान के बीच संबंध कई दशकों से तनावपूर्ण रहे हैं। विशेष रूप से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका लगातार चिंता व्यक्त करता रहा है। अमेरिका का आरोप रहा है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है जबकि ईरान हमेशा यह दावा करता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। इसी विवाद के कारण अमेरिका ने ईरान पर अनेक आर्थिक और व्यापारिक प्रतिबंध लगाए जिनका असर ईरान की अर्थव्यवस्था पर गंभीर रूप से पड़ा। तेल निर्यात में कमी विदेशी निवेश की कमी और वित्तीय संकट ने ईरान के विकास को प्रभावित किया।

अब सामने आए शांति समझौते के मसौदे में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ईरान ने परमाणु हथियार न बनाने और न ही किसी अन्य तरीके से उन्हें प्राप्त करने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही ईरान अपने उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम के संवर्धन को कम करने के लिए भी सहमत हुआ है। यह अमेरिका की प्रमुख मांगों में से एक रही है। यदि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाते हैं तो यह मध्य पूर्व क्षेत्र में परमाणु हथियारों की दौड़ को रोकने में सहायक सिद्ध हो सकता है। इससे क्षेत्रीय सुरक्षा मजबूत होगी और संभावित सैन्य संघर्षों का खतरा भी कम होगा।

इस प्रस्तावित समझौते का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ा हुआ है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है। विश्व के कुल तेल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। पिछले कई महीनों से इस क्षेत्र में बढ़ते तनाव और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता बनी हुई थी। तेल की कीमतों में लगातार उतार चढ़ाव देखने को मिला जिससे अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान ने सभी व्यावसायिक जहाजों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर सहमति जताई है। इसके बदले अमेरिका ईरानी जहाजों और बंदरगाहों पर लगाए गए नौसैनिक प्रतिबंधों को समाप्त करेगा। यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो वैश्विक ऊर्जा बाजार को बड़ी राहत मिल सकती है।

समझौते में आर्थिक पहलू भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। रिपोर्टों के अनुसार ईरान को लगभग पच्चीस अरब डॉलर की जमी हुई राशि तक पहुंच मिलने की संभावना है। यह धनराशि लंबे समय से विभिन्न प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय नियंत्रणों के कारण अवरुद्ध रही है। इस राशि की उपलब्धता से ईरान की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिल सकती है। देश में निवेश बढ़ेगा औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकते हैं। साथ ही ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंधों में ढील मिलने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की आपूर्ति बढ़ेगी जिससे कीमतों को स्थिर रखने में सहायता मिल सकती है।

हालांकि इस समझौते को लेकर सभी पक्ष समान रूप से उत्साहित नहीं हैं। ईरान के भीतर इसका विरोध भी तेजी से बढ़ रहा है। कट्टरपंथी संगठनों और कुछ रूढ़िवादी नेताओं का मानना है कि अमेरिका के साथ समझौता करना ईरान की मजबूरी और कमजोरी को दर्शाता है। उनका तर्क है कि लंबे संघर्ष के दौरान जो राजनीतिक और रणनीतिक लाभ ईरान ने प्राप्त किए हैं वे इस समझौते के बाद कमजोर पड़ सकते हैं। विरोधी समूहों ने सरकार और विदेश मंत्रालय के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी भी की है। विशेष रूप से विदेश मंत्री और प्रमुख वार्ताकार अब्बास अराघची आलोचना के केंद्र में हैं क्योंकि वे अमेरिका के साथ बातचीत का नेतृत्व कर रहे हैं।

दूसरी ओर ईरान का शीर्ष नेतृत्व इस समझौते के पक्ष में दिखाई दे रहा है। देश के सर्वोच्च नेता राष्ट्रपति विदेश मंत्री संसद अध्यक्ष और सैन्य नेतृत्व लगातार यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि अमेरिका के साथ बातचीत राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर की जा रही है। उनका मानना है कि आर्थिक प्रतिबंधों से राहत और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सुधार देश के विकास के लिए आवश्यक है। इसलिए वे इस समझौते को एक व्यावहारिक और दूरदर्शी कदम के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

अमेरिका के लिए भी यह समझौता महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। लंबे समय से अमेरिकी प्रशासन ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित करने और मध्य पूर्व में स्थिरता स्थापित करने का प्रयास करता रहा है। यदि ईरान वास्तव में परमाणु गतिविधियों पर नियंत्रण स्वीकार करता है तो यह अमेरिकी कूटनीति की बड़ी सफलता मानी जाएगी। साथ ही इससे अमेरिका को क्षेत्र में अपने सैन्य और राजनीतिक संसाधनों पर पड़ने वाले दबाव को कम करने का अवसर भी मिलेगा।

वैश्विक स्तर पर इस समझौते के प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं। ऊर्जा सुरक्षा में सुधार होगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार को गति मिलेगी और निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा। अनेक देश जो मध्य पूर्व से तेल आयात करते हैं उन्हें स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसके अलावा क्षेत्रीय संघर्षों में कमी आने से शांति और विकास की संभावनाएं मजबूत होंगी। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन भी लंबे समय से ऐसे समाधान की आवश्यकता पर बल देते रहे हैं।

फिर भी समझौते की सफलता पूरी तरह इसके क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। अभी तक हस्ताक्षर की अंतिम तिथि और प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि समझौते पर शीघ्र हस्ताक्षर हो सकते हैं जबकि विभिन्न देशों के नेताओं ने भी सकारात्मक संकेत दिए हैं। इसके बावजूद राजनीतिक विरोध तकनीकी जटिलताएं और आपसी अविश्वास जैसी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं।





# डॉ धन सिंह रावत ने किया सहकारिता विभाग के नये पोर्टल का शुभारंभ, 45 सहायक सहकारी निरीक्षकों को मिले नियुक्ति पत्र

**पथ प्रवाह, देहरादून।**

उत्तराखंड में सहकारिता क्षेत्र को आधुनिक, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ सभागार, देहरादून में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने निबंधक सहकारी समितियां कार्यालय के अत्याधुनिक ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। इसके अलावा उन्होंने आयोग से चयनित 45 सहायक सहकारी निरीक्षकों (वर्ग-2) को नियुक्ति पत्र वितरित किये और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को डिजिटल तकनीक से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नव विकसित पोर्टल के माध्यम से सहकारी समितियों से जुड़ी सभी सेवाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध होंगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और कार्यों में तेजी आएगी।




जिससे आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। डॉ रावत ने कहा कि पोर्टल पर सहकारी समितियों का पंजीकरण, दस्तावेज अपलोड, शिकायत एवं सुझाव निस्तारण, नामांकन सत्यापन, वार्षिक प्रतिवेदन, ऑडिट प्रबंधन, सदस्यता संबंधी विवरण, दस्तावेज प्रबंधन तथा एमआईएस रिपोर्टिंग जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। नव नियुक्त सहायक सहकारी निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुये डॉ. रावत ने कहा कि वे विकसित भारत के युवा ब्रांड एम्बेसडर हैं और सहकारिता आंदोलन को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका होगी। उन्होंने नव नियुक्त सहायक सहकारी निरीक्षकों को कहा कि वह प्रत्येक ब्लॉक में सहकारिता नेटवर्क को मजबूत करते हुए कम से कम एक बहुद्देशीय सहकारी समिति को आदर्श मॉडल के रूप में विकसित करें। सरकार की योजना प्रत्येक ब्लॉक में एक 'सहकारिता ग्राम' स्थापित करने की है, जिसे आपके समर्पण और नवाचार से शीघ्र साकार किया जा सकेगा। डॉ. रावत ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में पहली नियुक्ति मिलना युवाओं के लिए एक अवसर है। उन्हें विश्वास जताया कि नव नियुक्त अधिकारी अपने कार्यों और नवाचारों के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्रों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति देंगे। डॉ रावत ने कहा शीघ्र ही ब्लॉक स्तर पर 100 ऋण मेले लगाये जायेंगे, जिनके माध्यम से किसानों, काश्तकारों, युवाओं और स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरित किया जायेगा, इसके लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता सचिव डॉ. इकबाल अहमद ने कहा कि सहकारिता विभाग आज जन-जन से जुड़ा विभाग बन चुका है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में इसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा, 'सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में नव नियुक्त अधिकारियों का खासा योगदान रहेगा। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त निबंधक मंगला प्रसाद त्रिपाठी ने नव नियुक्त सहकारी निरीक्षकों को विभागीय दायित्वों, कार्य प्रणाली एवं अपेक्षाओं से संबंधित विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ सहकार बंधु प्रदीप चौधरी, सुभाष रमोला, अनु सचिव सहकारिता सुरेंद्र दत्त बेलवाल, अपर निबंधक ईरा उप्रेती, आनंद ए.डी. शुक्ल, संयुक्त निबंधक एम.पी. त्रिपाठी, रमेंद्री मंद्रवाल, उप निबंधक राजेश चौहान, मोनिका चुनेरा, सहायक निबंधक देहरादून बलवंत मनराल, उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ के वरिष्ठ प्रबंधक त्रिभुवन रावत सहित विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर


### कोटद्वार के बेस हॉस्पिटल के औचक निरीक्षण में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर दिया जोर



पथ प्रवाह, कोटद्वार। विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल के साथ राजकीय बेस हॉस्पिटल, कोटद्वार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री सुबोध उनियाल ने अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था, चिकित्सकों की तैनाती, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा स्टाफ की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक कोटद्वार ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए अस्पताल में अतिरिक्त वार्ड बॉय की तैनाती, एक्स-रे मशीन की उपलब्धता तथा आईसीयू सेंटर को पूर्ण रूप से संचालित किए जाने का विषय प्रमुखता से मंत्री के समक्ष रखा। स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने अस्पताल की आवश्यकताओं पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा कोटद्वार की स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### बाबा नीम करौली के पावन धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

पथ प्रवाह, नैनीताल। कैंची धाम स्थापना दिवस के पावन अवसर पर सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुँचे। सुगम आवागमन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नैनीताल पुलिस, प्रशासन और सभी सहयोगी विभाग पूरी मुस्तैदी से तैनात रहे। कैंची धाम यात्रा मार्ग पर सभी प्रकार के भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है ताकि ट्रैफ़िक सुचारू रूप से चल सके। भवाली सैनिटोरियम, नैनीताल, भीमताल, गरमपानी और हल्द्वानी जैसे प्रमुख स्थानों से लगातार शटल बसें और गाड़ियां चलाई जा रही हैं। बिना किसी रोक-टोक के लगातार शटल सेवाओं के जरिए श्रद्धालुओं को बाबा के सुलभ दर्शन कराए जा रहे हैं। एंट्री और एग्जिट की गति बराबर होने के कारण श्रद्धालुओं को दर्शन करने में आसानी हो रही है। सभी आगंतुकों से अपील है कि यदि



आप भी बाबा जी के दर्शन के लिए श्री कैंची धाम आ रहे हैं, तो नैनीताल पुलिस द्वारा तय किए गए रूट प्लान और शटल सेवाओं का उपयोग करें।

## श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल में किया शबद कीर्तन

पथ प्रवाह, हरिद्वार। सोमवती अमावस्या और संक्रांति के अवसर पर कनखल स्थित श्री पंचायत अखाड़ा निर्मल शबद कीर्तन, अखण्ड पाठ और संत समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह महाराज ने कहा कि मां गंगा सभी का कल्याण करती है। सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान करने से अखण्ड पुण्य की प्राप्ति होती है और मां गंगा की कृपा से पितरों को भी मोक्ष प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु भक्तों को गंगा की निर्मलता बनाए रखने में भी सहयोग करना चाहिए। अखाड़े के पूर्व सचिव महंत बलवंत सिंह ने कहा कि हरिद्वार संतों की नगरी है। हरिद्वार में गंगा स्नान के पुण्य लाभ के साथ संतों का सानिध्य का भी श्रद्धालुओं को प्राप्त होता है। कोठारी महंत जसविन्दर सिंह महाराज ने कहा कि तीन साल के बाद पुरूषोत्तम मास में सोमवती अमावस्या और संक्रांति का दुर्लभ



संयोग बना है। इस विशेष संयोग में गंगा स्नान करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर महंत देवेंद्र सिंह शास्त्री, महंत निर्भय सिंह, बाबा देवेंद्र सिंह, महंत खेमसिंह, महंत जगतार सिंह, महंत झंडा सिंह, महंत प्यारा सिंह, स्वामी केशवानंद, संत मनवीर सिंह, संत जोन सिंह, संत जसकरण सिंह, संत बलवीर सिंह, महंत जसदीप सिंह समाजसेवी अतुल शर्मा, दीपक जखमोला सहित बड़ी संख्या में संत महापुरूष और श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने किया 'सुवेनियर शॉप्स एंड स्टडी सेंटर' का उद्घाटन

**पथ प्रवाह, कोटद्वार।**

विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने स्वास्थ्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री उत्तराखंड सरकार सुबोध उनियाल के कोटद्वार-पाखरौ आगमन पर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने संयुक्त रूप से 'स्थ्ह्व1द्ठुद्वह्ह स्द्धश्श्ह्य × स्ल्ह्स्र4 ष्ट्दठ्ठल्हद्द' का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों तथा स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के समक्ष कोटद्वार क्षेत्र से जुड़ी वन विभाग संबंधी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि कोटद्वार का वन क्षेत्र पर्यटन एवं रोजगार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसके



समुचित विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। ऋतु खण्डूडी भूषण ने विशेष रूप से कोटद्वार से जंगल सफारी को शीघ्र प्रारंभ किए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि जंगल सफारी शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा कोटद्वार की पहचान एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में और अधिक मजबूत होगी। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार वन संरक्षण एवं पर्यटन विकास के बीच संतुलन स्थापित करते हुए जनहित में आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने मंत्री सुबोध उनियाल का कोटद्वार आगमन पर आभार व्यक्त किया तथा क्षेत्र के विकास हेतु उनके सहयोग की अपेक्षा जताई।

## सीवरेज के लिए खोदी गई सड़कें रात में भी हो रही ठीक

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

हरिद्वार शहर के अंतर्गत सीवरेज कार्य हेतु खोदी गई सड़कों से क्षेत्रीय जनता, व्यापारियों को हो रही परेशानी के दृष्टिगत जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने चल रहे निर्माण कार्यों को त्वरित गति से दिन रात कार्य करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। जिसके अनुपालन में कार्य तीव्र गति से किए जा रहे है। परियोजना प्रबंधक निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा उत्तराखंड पेयजल निगम मिनाक्षी मित्तल ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में केएफडब्लयू वित्त पोषित हरिद्वार जलोत्सारण योजना पैकेज 01 एवं पैकेज 02 के अंतर्गत कराए जा रहे सड़क पुनर्निर्माण संबंधी कार्य जिसके तहत 14 जून को किए गए निर्माण कार्यों का विवरण निम्नवत है जिसमें- पैकेज 01 के अंतर्गत वीर धाम (डीएसी रोड वर्क) 34.7 मीटर कार्य पूर्ण हो चुका है,कुल 34.7 मीटर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा पैकेज 02 के अंतर्गत गणपतिधाम फेस 3 पावर ब्लॉक 42 मीटर, श्रीराम विहार पावर ब्लॉक 65 मीटर,शिवानीपुरम सीसी रोड 40 मीटर कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा कुल 147 मीटर कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सड़कों का कार्य दिन-रात त्वरित गति से किए जा रहे है।

## एक नजर

### गंगा स्नान करने से होती है मोक्ष की प्राप्ति- श्रीमहंत रविंद्रपुरी

हरिद्वार, 15 जून। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि गंगा स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। सोमवती अमावस्या पर निरंजनी अखाड़ा घाट पर गंगा स्नान करने के उपरांत श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान और दान पुण्य करने से जीवन भव सागर पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों वर्षों बाद पुरूषोत्तम मास में सोमवती अमावस्या का दुर्लभ संयोग बना है। जिसका लाभ उठाने के लिए लाखों श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे है। मां गंगा सभी की मनोकामनाएं पूरी करेंगी। इस अवसर पर निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महंत दर्शन भारती, महंत राज गिरी सहित कई संत महंत मौजूद रहे।

### विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति किया जागरूक



पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। जिला समाज कल्याण अधिकारी, शैलेंद्र पांडेय ने बताया कि विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग, अल्मोड़ा द्वारा राजकीय पीएमश्री राजा आनन्द सिंह बालिका इंटर कॉलेज, अल्मोड़ा में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं तथा उनके अनुभव, ज्ञान और मार्गदर्शन से समाज को निरंतर लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता का भाव रखे तथा उनके सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन को सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाए। कार्यक्रम के दौरान वृद्ध दुर्व्यवहार की रोकथाम, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा तथा उनके कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने परिवार एवं समाज में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, सम्मान एवं सुरक्षा को प्राथमिकता दें और उनके प्रति सकारात्मक एवं संवेदनशील व्यवहार अपनाएं। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा अपने विचार व्यक्त किए ।

### जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने की स्क्र्कार्यों की प्रगति की समीक्षा



पथ प्रवाह, उत्तरकाशी। जनपद में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्र) एवं डिजिटाइजेशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए सोमवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत आर्य ने संबंधित अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा अन्य प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं डिजिटाइजेशन कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान कहा कि निर्वाचन संबंधी समस्त अभिलेखों एवं प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी ईआरओ एवं संबंधित प्रभारियों को निर्देशित किया कि डिजिटाइजेशन कार्य को तीव्र गति से किया जाए तथा प्रतिदिन की प्रगति की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) एवं आईटी वॉलेंटियर्स को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। शैडो एरिया (नेटवर्क अथवा कनेक्टिविटी प्रभावित क्षेत्रों) में विशेष योजना के साथ कार्य करने और ऐसे क्षेत्रों में बीएलओ एवं आईटी वॉलेंटियर्स को मतदाताओं को सुविधाजनक स्थानों पर डिजिटाइजेशन की सुविधा उपलब्ध कराकर प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं त्रुटिरहित बनाने में डिजिटाइजेशन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। बैठक में उपजिलाधिकारी डुण्डा देवानंद शर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश मोहन राणा उपस्थित रहे तथा एसडीएम मोरी मुकेश रमोला, एसडीएम भटवाड़ी शालिनी नेगी सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम जुड़े रहे।

## मनेरी पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ किया संवाद, सुरक्षा एवं सम्मान का दिया संदेश

पथ प्रवाह, उत्तरकाशी।




विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में कोतवाली मनेरी पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक दीपक नौटियाल के नेतृत्व में मनेरी क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के साथ एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को कोतवाली मनेरी में आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया तथा जलपान उपरांत उनकी कुशलक्षेम एवं समस्याओं की जानकारी ली गई। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित वरिष्ठजनों को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा एवं सहायता पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी समस्या की स्थिति में वे पुलिस से निसंकोच संपर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों एवं प्रचलित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि उनके साथ किसी प्रकार का शारीरिक, मानसिक अथवा आर्थिक दुर्व्यवहार होता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाई सुनिश्चित की जा सके। वरिष्ठ नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी एवं साइबर फ्रॉड से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए साइबर हेल्पलाइन 1930 की उपयोगिता से भी अवगत कराया गया। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की सूचना गोपनीय रूप से पुलिस को उपलब्ध कराने की अपील की गई।

इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुखपाल सिंह, महिला उपनिरीक्षक हिमानी पंवार, अपर उपनिरीक्षक संजय बिष्ट सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ नागरिकों द्वारा पुलिस की इस संवेदनशील एवं जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए प्रभारी निरीक्षक मनेरी को पुष्प भेंट कर आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री धामी ने खेत में चलाया टिलर, जैविक खेती को बढ़ावा देने का दिया संदेश

पथ प्रवाह, खटीमा।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अपने निजी आवास नगला तराई स्थित खेत में स्वयं टिलर चलाकर खेत की जुताई की तथा खेत में गोबर की प्राकृतिक खाद डालकर जैविक एवं पारंपरिक खेती को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस दौरान उनकी माता बिशना देवी भी उनके साथ उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री ने खेत में श्रम करते हुए किसानों के परिश्रम और कृषि परंपराओं के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि खेती केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मा है। आधुनिक तकनीक के साथ पारंपरिक और प्राकृतिक खेती को अपनाकर कृषि को अधिक समृद्ध एवं टिकाऊ बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोबर की खाद जैसी प्राकृतिक पद्धतियां भूमि की उर्वरता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को आधुनिक बनाने और जैविक उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की पहचान कृषि, ग्रामीण संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी हुई है। राज्य सरकार पारंपरिक खेती, बागवानी, प्राकृतिक कृषि और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को भी खेती और ग्रामीण विकास से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

## जिला पंचायत बोर्ड में पारित किए कई प्रस्ताव



हरिद्वार, 15 जून। सोमवार को आयोजित की गयी जिला पंचायत बोर्ड बैठक में विकास संबंधी कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह (चौधरी किरण सिंह) ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में शामिल हुए सदस्यों के साथ एजेंडे के सभी बिंदुओं पर गहन चर्चा के उपरांत विकास योजनाओं को लेकर कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें पेयजल योजनाएं, ग्रामीण क्षेत्र में जलभराव की समस्या को दूर करने के बरसात से पूर्व नाले नालियों की सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, बीमार पशुओं को इलाज के लिए जाने के लिए पशु वाहन चलाने, डेंगू से बचाव के लिए दवाओं का छिड़काव आदि शामिल प्रमुख हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि इसके अलावा छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए अगले महीने से ग्रामीण क्षेत्र में लाइब्रेरी बनाने का काम भी शुरू किया जा रहा है। पहले चरण में 40 से 50 लाइब्रेरी बनायी जाएंगी। उन्होंने बताया कि बैठक में 90 फीसदी से अधिक पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल का हरिद्वार पहुंचने पर हुआ स्वागत

पथ प्रवाह, हरिद्वार।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को हरिद्वार पहुंचे। यहां पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गुरुकुल कांगड़ी हेलीपैड पर स्वागत किया।

जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने पटका पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत और अभिनंदन किया। बताया जा रहा है कि भजनलाल शर्मा यहां गंगा में स्नान के बाद मनसा देवी मंदिर दर्शन के लिए भी जाएंगे। देवभूमि उत्तराखंड की कुंभ नगरी हरिद्वार आने पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शिवालिक नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, निपेंद्र चौधरी, विक्रम भुल्लर, अरविंद कुशवाहा, धर्मेंद्र चौहान, प्रीति गुप्ता, रितु ठाकुर, लक्ष्मण सिंह नागर, रजनीश चौधरी, युधिष्ठिर वालिया, राहुल शर्मा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### आईएमए से पास आउट होकर सेना में लेफ्टिनेंट बने दीपक पांडे

पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। मल्ला सालम क्षेत्र के ग्राम बसंतपुर निवासी तथा वर्तमान में नगर के मकेड़ी में रह रहे दीपक पांडे भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), देहरादून से पासिंग आउट परेड के बाद भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गए हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। दीपक पांडे ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सीएम मेमोरियल स्कूल, अल्मोड़ा से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कूर्माचल एकेडमी, अल्मोड़ा से इंटरमीडिएट की शिक्षा पूरी की। उच्च शिक्षा के दौरान उनका चयन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में हुआ। एनडीए में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्होंने भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में नियुक्ति हासिल की। दीपक के पिता मनोज कुमार पांडे निजी व्यवसाय से जुड़े हैं, जबकि उनकी माता किरन पांडे गृहिणी हैं। परिवारजनों ने उनकी सफलता का श्रेय उनके परिश्रम, अनुशासन और समर्पण को दिया है। परिजनों के अनुसार दीपक ने अपने दिवंगत दादा किशन पांडे का सपना साकार किया है, जो उन्हें सेना की वर्दी में देश सेवा करते देखना चाहते थे। उनकी दादी धर्ना पांडे का स्नेह और मार्गदर्शन भी उनके जीवन में प्रेरणा का स्रोत रहा है। दीपक के लेफ्टिनेंट बनने की खबर मिलते ही मकेड़ी और बसंतपुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्रवासियों ने उनके घर पहुंचकर परिवार को बधाई दी और उनकी उपलब्धि को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

### अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय रक्तदान शिविर संपन्न



पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय अल्मोड़ा और सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में युवाओं, एमबीबीएस छात्र-छात्राओं, इंटर्न, चिकित्सकों और संस्थान के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। 14 और 15 जून को बेस चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में कुल 39 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक चले शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से सभी रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। शिविर के समापन पर क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष खाली, प्रबंधक (मानव संसाधन) अजय कुमार मिश्रा और उप प्रबंधक (जनसंपर्क) संजीव कुमार ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं के योगदान की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों में सहयोग जारी रखने की बात कही। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी आशीष जैन और समाज कल्याण अधिकारी हेम बहुगुणा ने कहा कि गर्मियों और आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की उपलब्धता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से एकत्रित रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा। शिविर को सफल बनाने में नर्सिंग अधिकारी नीलम रावत, निशा धामी, प्रयोगशाला तकनीशियन भास्कर पांडेय, राजदेव सिंह, शांति और मनोज मनी सहित अन्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कोर कमेटी बैठक में संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान पर मंथन



पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी के 'बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान के तहत सोमवार को पार्टी कार्यालय पातालदेवी में अल्मोड़ा विधानसभा की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा संगठनात्मक कार्यक्रमों को बूथ और शक्ति केंद्र स्तर तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियों, पूर्व जिलाध्यक्षों, पूर्व विधायकों, पूर्व प्रदेश पदाधिकारियों और अनुभवी कार्यकर्ताओं को विभिन्न शक्ति केंद्रों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। साथ ही उन्हें नियमित प्रवास कर संगठन को मजबूत बनाने का दायित्व भी दिया गया।

बैठक में आगामी 'मन की बात' कार्यक्रम समेत संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक के बाद अल्मोड़ा नगर मंडल के लक्ष्मेश्वर शक्ति केंद्र में शक्ति केंद्र बैठक तथा मंडल अध्यक्षों के साथ टिफिन बैठक आयोजित की गई।

## प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के कार्यकाल को लेकर किया जा रहा झूठा प्रचार: आलोक शर्मा

पथ प्रवाह, हरिद्वार।




हरिद्वार के प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के कार्यकाल को लेकर झूठा प्रचार किया जा रहा है।

प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए आलोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में लोकतंत्र की नींव हिल गयी है। देश पर कर्ज पांच गुना बढ़ गया है। 1 लाख से अधिक प्राइमरी स्कूल बंद हो गए हैं। कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में बनाए गए पचास से अधिक सरकारी संस्थान उद्योगपति मित्रों को बेच दिए गए। अर्थव्यवस्था छठे नंबर पर पहुंच गयी है। पेट्रोल, डीजल सैकड़ा कर गए हैं। डॉलर पर भी सौ से पार जाने वाला है। आलोक शर्मा ने कहा कि 12 साल में देश की जनता को मोदी सरकार से निराशा ही हाथ लगी है। देश हिंदू मुस्लिम करने से नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था, सामाजिक समरसता व बेहतर शिक्षा व विदेश नीति से चलता है। लेकिन मोदी सरकार में विदेश नीति, अर्थनीति और सामाजिक नीति चौपट हो गयी है। सबकुछ अमेरिका के कहने पर तय किया जा रहा है। बेरोजगारी बढ़ रही है। पेपर लीक हो रहे हैं।

महंगाई पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। नीरव मोदी, मेहुल चौकसी जैसे लोग देश का करोड़ों रूपए लेकर विदेश भाग गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बताए कि उत्तराखंड से कितना पलायन रोका गया। आलोक शर्मा ने कहा कि जिन खाद्यान्न भंडार को मनमोहन सरकार ने भरा था उसे मोदी सरकार ने खाली करने का काम किया। सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते आज विदेशी निवेशक भाग रहे है। सरकार एपस्टिन फाइल में दबी हुई है जो ट्रंप कहते हैं। सरकार उसका पालन करती है। पत्रकारवार्ता में मनोज सैनी, रवीश भटीजा, सोम त्यागी, राजबीर सिंह चौहान, समर्थ अग्रवाल, मनोज जाटव, समर्थ ठाकुर आदि भी मौजूद रहे।

## हरिद्वार पुलिस ने किया शातिर चोर को गिरफ्तार

पथ प्रवाह, हरिद्वार।



पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराया गया सामान बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक 13/06/2026 को रघुल पुत्र बास्करण हाल नि0 रासी न्यूट्री फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड किशनपुर जमालपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया था कि रासी न्यूट्री फूड्स इंडिया लिमिटेड कंपनी किशनपुर जमालपुर से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पंजीरी SAM (हरा रंग) 25 बैग वजन 595 किलो मूल्य 36384 रु0, हलवामिक्स स्रूरू हरा रंग 147 बैग वजन 3455 किलो चोरी कर ली गई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा उपरोक्त घटना में शामिल आरोपित की मय माल के अतिशीघ्र गिरफ्तारी किये जाने हेतु निर्देश निर्गत किये गये थे। जिस पर प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर के नेतृत्व पुलिस टीम गठित की गई घटित टीम द्वारा घटना के खुलासे हेतु घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे लगभग सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। लगातार की गई मेहनत एवं सटीक पुलिस कार्यवाही के फलस्वरूप दिनांक 14/06/2026 को आरोपित गोपाल उर्फ मोनू पुत्र जसबीर निवासी लिब्बरहेड़ी थान मंगलौर जिला हरिद्वार को शत प्रतिशत 126 हलवा मिक्स कट्टे रंग हरा 08 कट्टे मिलेट लड्डू रंग गुलाबी व 26 कट्टे हलवामिक्स रंग सफेद कुल 160 कट्टे जिसकी कुल कीमत (2,45000/-) के साथ पकड़ा गया है।

## अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय रक्तदान शिविर संपन्न

पथ प्रवाह, अल्मोड़ा।



भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय अल्मोड़ा और सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में युवाओं, एमबीबीएस छात्र-छात्राओं, इंटर्न, चिकित्सकों और संस्थान के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। 14 और 15 जून को बेस चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में कुल 39 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक चले शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से सभी रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। शिविर के समापन पर क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष खाली, प्रबंधक (मानव संसाधन) अजय कुमार मिश्रा और उप प्रबंधक (जनसंपर्क) संजीव कुमार ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं के योगदान की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों में सहयोग जारी रखने की बात कही। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी आशीष जैन और समाज कल्याण अधिकारी हेम बहुगुणा ने कहा कि गर्मियों और आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की उपलब्धता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक होड़ता है। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से एकत्रित रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा।

शिविर को सफल बनाने में नर्सिंग अधिकारी नीलम रावत, निशा धामी, प्रयोगशाला तकनीशियन भास्कर पांडेय, राजदेव सिंह, शांति और मनोज मनी सहित अन्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मैठाणी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 250 ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

पथ प्रवाह, अल्मोड़ा।

सल्ट विकासखंड की ग्रामसभा मैठाणी में चामुंडा अस्पताल, काशीपुर के संस्थापक डॉ. यशपाल रावत के नेतृत्व में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श और उपचार प्रदान किया। शिविर में हड्डी रोग, चर्म रोग और महिला रोग विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। इस दौरान लगभग 250 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों ने सिरदर्द, जुकाम, उल्टी-दस्त सहित विभिन्न सामान्य एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से संबंधित परामर्श दिया तथा आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता परम कांडपाल ने किया। ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की सराहना करते हुए इसे दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। शिविर में वरिष्ठ सर्जन डॉ. विनय उपाध्याय, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र तोमर, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. नूपुर सिन्हा, विनोद कुमार भट्ट, रविंद्र सिंह चौहान सहित अनेक स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों में बदला भारत का स्वरूप, उत्तराखंड का विकास के नए युग में प्रवेशः सतपाल महाराज

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र सरकार में लगातार 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को प्रेस क्लब हरिद्वार में आयोजित प्रेस वार्ता में जनपद के प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त, सक्षम और स्वाभिमानी भारत का सपना साकार हो रहा है। उनके मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखंड भी विकास और नवोदय के संकल्प को पूरा कर रही है। सतपाल महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण, 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन, 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा तथा मुद्रा योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि आज देश के 16 करोड़ से अधिक घरों तक 'हर घर नल से जल' योजना के माध्यम से पेयजल पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत डिजिटल लेन-देन, रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष अनुसंधान, स्टार्टअप और सेमीकंडक्टर निर्माण जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है। दुनिया के कुल डिजिटल लेन-देन का 56 प्रतिशत भारत में हो रहा है, जो देश की बढ़ती तकनीकी क्षमता का प्रमाण है। उत्तराखंड के विकास का उल्लेख करते हुए महाराज ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। चारधाम ऑल वेदर रोड, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण तेजी से किया जा रहा है। जॉलीग्रांट, पंतनगर और पिथौरागढ़ हवाई अड्डों का विस्तार तथा हेलीपोर्ट और रोपवे परियोजनाओं के विकास से प्रदेश में पर्यटन और तीर्थाटन को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के पुनर्विकास, जमरानी, सौंग और लखवाड़ जैसी बहुउद्देशीय परियोजनाओं तथा एम्स ऋषिकेश में शुरू की गई देश की पहली हेली एम्बुलेंस सेवा से प्रदेश के विकास को नई दिशा मिली है। सतपाल महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हरिद्वार जनपद में भी विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है, जहां समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की गई है और हरिद्वार यूसीसी पंजीकरण में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

उन्होंने बताया कि नीति आयोग द्वारा हरिद्वार को आकांक्षी जनपद कार्यक्रम में शामिल किया गया है। जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित 58 शिविरों में लगभग 1950 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा हजारों लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न घाटों, सड़कों, पुलों एवं संपर्क मार्गों के निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इसके अलावा हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण द्वारा खेल एवं आधारभूत संरचना विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य भी संचालित किए जा रहे हैं। महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लाखों लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

तत्पश्चात जनपद के प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने विकासखंड बहादराबाद के सहदेवपुर गांव पहुंचकर वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम पर्यावरण संरक्षण और हरित उत्तराखंड के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया। वृक्षारोपण अभियान के तहत मंत्री सतपाल महाराज ने अनार, लीची, अमरूद एवं चीकू के पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि फलदार पौधे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पोषण सुरक्षा को भी मजबूत करते हैं।

इस दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, दायित्व धारी राज्य मंत्री डॉ. जयपाल सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, बीजेपी युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम भुल्लर, मनोज गौतम सहित प्रेस क्लब हरिद्वार के पदाधिकारी एवं समस्त पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### परिजनों से बिछड़ी 4 साल की बालिका को सकुशल ढूंढ निकाला




पथ प्रवाह, हरिद्वार। पुलिस के मुताबिक 15.06.2026 को एक महिला निवासी गांव तालगांव सीतापुर उत्तर प्रदेश थाना कलियर ने बताया कि वह जियारत करने के लिए कलियर शरीफ में परिवार के साथ आयी थी। जहां पर भीड़ ज्यादा होने की वजह से उनकी बालिका उनसे बिछड़ गई है।

थाना कलियर पुलिस द्वारा तत्काल पुलिस टीम को सतर्क कर तलाश हेतु बताया गया, पीपल चौक के पास ड्यूटीरत कर्मचारीगण द्वारा बताया गया कि एक बच्ची जिसकी उम्र करीब चार वर्ष जो अपना नाम पता नहीं बता पा रही थी पीपल चौक पर पुलिस को लावारिस हालत में रोते हुए मिली आसपास उक्त बालिका के परिजनों को काफी तलाश किया परंतु नहीं मिल पाए, जिसे सुरक्षा की दृष्टि से थाना कलियर लाया गया। बच्ची को पहचानकर उक्त महिला द्वारा बताया कि उक्त बच्ची का नाम माफिया बानो पुत्री मुजीब अहमद उम्र 4 वर्ष है, जो कुछ देर पहले उनसे बिछड़ गई थी। बालिका को तस्दीक करने के पश्चात परिजनों के सुपुर्द किया गया और हिदायत दी गई की अपने बच्चों का भीड़ वाले क्षेत्र में ध्यान रखें सतर्क रहें बालिका को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया ।

### विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर अधिकारों के प्रति किया जागरूक

पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग की ओर से राजकीय पीएमश्री राजा आनंद सिंह बालिका इंटर कॉलेज में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता की भावना को बढ़ावा देना है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके अनुभव, ज्ञान तथा मार्गदर्शन से समाज को निरंतर लाभ मिलता है। कार्यक्रम में वृद्धजनों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की रोकथाम, उनके अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा तथा उनके कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे अपने परिवार और समाज में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, सम्मान और सुरक्षा को प्राथमिकता दें तथा उनके प्रति सकारात्मक और संवेदनशील व्यवहार अपनाएं। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपने विचार साझा किए और समाज में सम्मानजनक वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया।

## सोमवती अमावस्या पर उमड़ी आस्था की भीड़, मेलाधिकारी ने कुंभ प्रबंधन की रणनीति को परखा

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर हरिद्वार में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। हरकी पैड़ी एवं आसपास के गंगा घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने मेला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ मेला नियंत्रण भवन स्थित केन्द्रीयकृत नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण करने के साथ ही सीसीआर टावर से विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही, भीड़ के दबाव और यातायात संचालन की स्थिति का जायजा लिया।

मेलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ मेला नियंत्रण भवन के टावर से हरकी पैड़ी तथा आसपास के घाटों पर स्नान हेतु उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ का जायजा लेने के साथ ही स्थापित केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष (सीसीआर) का भी निरीक्षण कर सीसीटीवी नेटवर्क, भीड़ निगरानी प्रणाली, यातायात नियंत्रण तंत्र एवं विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर भीड़ के घनत्व, श्रद्धालुओं की आवाजाही के रुझान तथा व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान मेलाधिकारी ने कहा कि हरिद्वार में आयोजित होने वाले प्रमुख स्नान पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं हैं, बल्कि आगामी कुंभ मेले की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर भी हैं। इन अवसरों पर वास्तविक परिस्थितियों में व्यवस्थाओं की कार्यक्षमता का परीक्षण किया जा रहा है, जिससे भविष्य की चुनौतियों का पूर्वानुमान लगाकर प्रभावी रणनीति तैयार की जा सके। उन्होंने कहा कि मेला प्रशासन स्नान पर्वों के दौरान प्राप्त आंकड़ों एवं अनुभवों का व्यवस्थित विश्लेषण कर रहा है। विशेष रूप से यह अध्ययन किया जा रहा है कि किस समय और किस स्थान पर सर्वाधिक भीड़ का दबाव बनता है, श्रद्धालुओं की आवाजाही के प्रमुख मार्ग कौन से हैं, आपातकालीन परिस्थितियों में प्रतिक्रिया समय कितना है तथा यातायात संचालन को और अधिक सुगम कैसे बनाया जा सकता है।

मेलाधिकारी सोनिका ने बताया कि आगामी कुंभ मेले के लिए तकनीक आधारित निगरानी प्रणाली, रियल टाइम क्राउड एनालिटिक्स, बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वित संचालन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक बड़े स्नान पर्व से प्राप्त फीडबैक को योजनाओं में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला विश्व के सबसे विराट आध्यात्मिक आयोजनों में से एक है। कुंभ मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और निर्बाध व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना मेला शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। इसी उद्देश्य से मेला प्रशासन सभी व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की निरंतर समीक्षा व मूल्यांकन करने के साथ ही हाल के स्नान पर्वों के अनुभवों के आधार अपनी कार्ययोजना तय कर रहा है, ताकि आगामी कुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

इस दौरान अपर मेलाधिकारी दयानन्द सरस्वती, अपर पुलिस अधीक्षक (संचार) विपिन कुमार सहित मेला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गंगा में बह रहे किशोर को आपदा राहत दल ने सकुशल बचाया

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

विष्णु घाट पर स्नान के दौरान तेज बहाव में फिसलकर गंगा में बहे किशोर को राहत दल की तत्परता से सकुशल बचा लिया गया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार समय लगभग 04:10 बजे विष्णु घाट, हरिद्वार पर स्नान कर रहे मुनीम पुत्र सोरीन, निवासी ग्राम प्यानी चुंगी, जनपद हरदोई (उत्तर प्रदेश) का पैर गंगा किनारे रेलिंग के पार स्नान करते समय फिसल गया, जिससे वह गंगा के तेज बहाव में बहने लगा। घटना की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस 40वीं वाहिनी पीएसी आपदा राहत दल ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए त्वरित रेस्क्यू अभियान चलाया। दल के जवानों ने बिना समय गंवाए गंगा में बह रहे किशोर तक पहुंचकर उसे सकुशल बाहर निकाल लिया। राहत दल की सूझबूझ, साहस एवं त्वरित कार्रवाई के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं ने जवानों के इस सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

रेस्क्यू टीम में उप निरीक्षक इखलाक मलिक, ?हेड कांस्टेबल निर्दोष कुमार, ?हेड कांस्टेबल रवि वालिया, ?कांस्टेबल अंकुर चौधरी, ?कांस्टेबल चित्रमोहन मौजूद रहे। हरिद्वार में तैनात सुरक्षा एवं आपदा राहत बल श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु पूर्णतः तत्पर है। सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि गंगा स्नान के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करें तथा रेलिंग के पार जाकर स्नान न करें।

स्वामी/प्रकाशक वीरेन्द्र सिंह ने मुद्रक प्रमोद कुमार, जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः 40 शांतिपुरम कॉलोनी जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखंड 249408 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। वीरेन्द्र सिंह (सम्पादक) 9411111733, डॉ सुशील शर्मा(उप संपादक) 9837906777 किसी भी वाद विवाद का निपटारा हरिद्वार में होगा। वेबसाईट- www.pathpravah.com